Ans. (c) – जयपुर के कछवाहा शासक महाराजा जगत सिंह द्वितीय ने अप्रैल 1818 ई. को ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ संधि की। मराठों और पिण्डारियों के बढ़ते हस्तक्षेप से परेशान होकर उन्होंने संधि की थी।

283. सर वी.टी. कृष्णामाचारी किस राज्य के दीवान थे?
(a) मेवाड़ (b) जोधपुर
(c) जयपुर (d) जैसलमेर

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (c) : भारत की स्वतंत्रता के समय 'जयपुर रियासत' के दीवान (प्रधानमंत्री) सर वी.टी. कृष्णामाचारी थे, जिन्होंने 1946–1949 तक जयपुर के दीवान तथा उसके पूर्व वे बड़ौदा रियासत के भी दीवान रहे।

284. 'दस्तूर कौमवार' में राजस्थान के किस राज्य से सम्बन्धित वर्णन मिलता है?
(a) बीकानेर (b) जयपुर
(c) उदयपुर (d) कोटा

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (b) : 'दस्तूर कौमावार' जयपुर राज्य के अभिलेखों की महत्वपूर्ण अभिलेख श्रृंखला है। पदाधिकारियों के नाम व जातिवार विवरण दस्तूर कौमवार में मिलता है। दस्तूर कौमवार में जयपुर राज्य में संबंधित आय-व्यय भेंट, उपहार, युद्धादि में काम आय व्यक्तियों को दी गई इज्जत आदि का वर्णन मिलता है।

(d) चौहान वंश का इतिहास

285. जालौर शासक कान्हडदेव और सुल्तान अलाउद्दीन के बीच प्रथम संघर्ष कब हुआ?
(a) 1298 (b) 1299
(c) 1296 (d) 1305

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (d) जालौर के शासक कान्हडदेव और सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के बीच प्रथम संघर्ष 1305 ई. में हुआ। अलाउद्दीन खिलजी ने 1311 में जालौर को पूर्ण रूप से विजित किया।

286. अजमेर नगर की स्थापना कब हुई-
(a) 1113 ई. (b) 1114 ई.
(c) 1115 ई. (d) 1116 ई.

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (*) – अजमेर नगर की स्थापना चौहान वंश के 23वें शासक अजयराज चौहान ने गढ़ अजयमेरू की स्थापना की तथा चौहान साम्राज्य की राजधानी बनाई। उसके बाद इसका नाम अजयमेर तथा फिर अजमेर हुआ। अजयमेरू की स्थापना पुरातात्विक व ऐतिहासिक प्रमाण 27 मार्च 1112 का ही उपलब्ध है।

287. बिजौलिया शिलालेख में किस वंश के शासकों की उपलब्धियों का उल्लेख है?
(a) सिसोदिया (b) चौहान
(c) राठौर (d) परमार

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) : बिजौलिया लेख में चौहान वंश/चाहमान वंश (1170 ई.) के शासकों की उपलब्धियों का उल्लेख है। यह लेख राजस्थान के भीलवाड़ा जिले बिजौलिया गाँव पार्श्वनाथ जैन मंदिर के समीप है। इसमें चौहान शासकों को वत्स गोत्रीय ब्राह्मण बताया गया है। यह शिलालेख संस्कृत भाषा में शाकम्भरी और अजमेर के चौहान शासकों की विस्तृत सूची मिलती है। इसकी रचना गुणभद्र ने की थी।

288. निम्न में से कौन सा शिलालेख चौहान राजवंश की वंशावली के बारे में जानकारी उपलबध कराता है?
(a) राम सिंह शिलालेख
(b) आबू की अचलेश्वर शिलालेख
(c) दिलवाड़ा के शिलालेख
(d) बिजौलिया शिलालेख

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

289. किस अभिलेख में चौहानों को 'वत्सगौत्र ब्राह्मण' कहा गया है?
(a) बिजौलिया अभिलेख (b) प्रतापगढ़ अभिलेख
(c) मंडोर अभिलेख (d) घोसुन्डी अभिलेख

अनवेषक सीधी भर्ती परीक्षा-2019 परीक्षा-27/12/2020

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

290. बिजौलिया अभिलेख का काल है-
(a) 1676 ई. (b) 1170 ई.
(c) 953 ई. (d) 1273 ई.

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

291. निम्नलिखित में से किस राजपूत राजवंश पर बिजौलिया अभिलेख प्रकाश डालता है?
(a) चौहान (b) प्रतिहार
(c) राठौड़ (d) कछावा

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

292. निम्न में से कौन सा शिलालेख चौहान राजवंश की वंशावली के बारे में जानकारी उपलब्ध कराता है?
(a) रायसिंह शिलालेख
(b) आबू का अचलेश्वर शिलालेख
(c) दिलवाड़ा के शिलालेख
(d) बिजौलिया शिलालेख

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

293. जाबालिपुर, शाकम्भरी, श्रीमाल जैसे प्राचीन नगरों का उल्लेख किस शिलालेख में है-
(a) आमेर, शिलालेख (b) चीरवे शिलालेख
(c) बिजौलिया शिलालेख (d) श्रृंगी ऋषि शिलालेख

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016